

# समृद्धि के शिखर पर माता-पिता, समाज और देश को न भूलें : मंगुभाई

## कुलाधिपति से 37 शोधार्थियों ने उपाधि और 35 उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों ने पदक व 1 विद्यार्थी ने नानाजी मेडल प्राप्त किया

नवभारत न्यूज

**सतना, 11 अक्टूबर. प्रदेश के राज्यपाल और कुलाधिपति मंगु भाई पटेल ने नानाजी के कार्यों का स्मरण करते हुए कहा कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि वंचित समुदाय के उन्नति का मार्ग प्रशस्त करना भी है। उन्होंने उपाधि धारकों से कहा कि नानाजी द्वारा स्थापित विश्वविद्यालय में अध्ययन करने का मौका आप सभी विद्यार्थियों को सौभाग्य के रूप में मिला है। उनके बौद्धिक विचारों से प्रेरणा लेकर अपने जीवन की दिशा तय करें और सुखी तथा समृद्धि जीवन की ओर अग्रसर हो।**

यह बात कुलाधिपति श्री पटेल ने ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 13 वे दीक्षांत समारोह को सम्बोधित करते हुए कही.समारोह के मुख्य अतिथि और प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार रहे। विशिष्ट अतिथि राष्ट्रीय शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास नई दिल्ली डॉ. अतुल कोठारी ने दीक्षांत उद्बोधन दिया। विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो0 भरत मिश्रा ने स्वागत उद्बोधन और प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कुलगुरू ने उपाधि धारकों को दीक्षांत शपथ भी दिलाई।समारोह में छात्रों को आशीष देते हुए कुलाधिपति ने कहा कि आप बड़ी नौकरी और बड़े पद पायें लेकिन ये याद रखें कि आपको इस मुकाम तक पहुँचाने वाले आपके माता-पिता, आपका समाज, आपका देश और आपके शिक्षक हैं अत: समृद्धि और सफलता के शिखर पर पहूँचकर इन्हें कभी नही भूलें। समृद्धि पुरूषार्थ से सभी को मिल सकती है पर मेरी इच्छा है कि आप समृद्धि के साथ उदारता को भी प्राप्त करें। जैसे चित्रकूट के कण-कण में नानाजी की उदारता और उनकी संकल्प शक्ति के दर्शन होते हैं वैसे ही आपके कार्यों से आपकी और आपके विश्वविद्यालय की कीर्ति दूर-दूर तक पहूँचे।आज के समय में लक्ष्य से भटकाने वाले बहुत से आकर्षण समाज में हैं। इनसे बचकर अपना समय और शक्ति राष्ट्र और स्व कल्याण में लगायें। विकसित भारत में हमारा जीवन कैसा हो इसके लिए आपने जो शिक्षा ग्रहण की है। उसका सदुपयोग समाज और राष्ट्र के हित में करते हुए सभी का जीवन समृद्ध और सुखमय बनाये। विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में प्रदेश शासन के उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि विश्वविद्यालय की नींव रखने वाले राष्ट्र ऋषि नानाजी देशमुख की जन्म जयंती के अवसर दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया है। नानाजी देशमुख ने समाज के परिवर्तन के लिए चित्रकूट को अपनी कर्मभूमि बनाया। भारत की नवीन शिक्षा नीति में नानाजी का दृष्टिकोण समाहित हुआ है। कृषि के क्षेत्र में स्वास्थ्य, विज्ञान के क्षेत्र में हित नवाचार करते हुए समाज के हित में समाधान ढूढे जाये। उन्होंने कहा कि 2047 में विकसित भारत बनाने की दिशा में उद्योग पति, किसान, युवाओं सभी की भूमिका होगी। राष्ट्रीय सचिव शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास डॉ. अतुल कोठारी ने दीक्षांत भाषण में कहा कि किसी भी विद्यार्थी के लिए यषस्वी और सार्थक जीवन का यही अर्थ है कि वह अपने व्यवसायी जीवन में सफलता प्राप्त करके स्वयं के परिवार का निर्वाह करते हुए समाज के लिए भी कुछ योगदान करने में सक्षम बनें। ताकि वह समाज राष्ट्र और मानवता के कल्याण में अपना योगदान देने के लिए हमेशा तत्पर रहे।

कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन ने कहा कि भारत रत्न नानाजी देशमुख ने 75 वर्ष की आयु में चित्रकूट आकर यहां के समाज और वंचित समुदाय के साथ संवेदना के साथ जुडकर चित्रकूट को अपनी कर्मभूमि बनाया।

उन्होंने कहा कि व्यक्ति के निर्माण से समाज परिवर्तन के संकल्प को लेकर इस विश्वविद्यालय में व्यक्तित्व का निर्माण हो रहा है। समारोह के आरम्भ में विश्वविद्याय के कुलगुरू प्रो. भरत मिश्रा ने प्रगति प्रतिवेदन और स्वागत भाषण प्रस्तुत किया। उन्होने कहा कि वर्तमान समय में शिक्षा, शोध, प्रसार और प्रशिक्षण के परम्परागत आयामों के साथ-साथ संसाधन सृजन का नया आयाम जुडा है।

### बच्चों की कला देख अभिभूत हुए राज्यपाल



परिसर में प्रवेश के साथ ही राज्यपाल मंगुभाई पटेल एवं उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने ग्रामोदय से राष्ट्रोदय की थीम पर आधारित विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा आयोजित ग्राम जीवन प्रदर्शनी गांव से गगन तक और डीआरआई की कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया।इस मौके पर विष्वविद्यालय के ललित कला संकाय के विद्यार्थियों द्वारा लगाई गई नानाजी देशमुख के जीवन पर केन्द्रित चित्रकला प्रदर्शनी का राज्यपाल ने अवलोकन किया। इस मौके पर राज्यपाल ने राज्य कृषि विपणन बोर्ड मध्यप्रदेश द्वारा नव निर्मित किसान भवन प्रथम तल का लोकार्पण किया।विश्वविद्यालय की छात्राओं द्वारा लोक संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये गये।

### गांधी जी एवं नानाजी को दी श्रद्धांजलि



राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के शाश्वत प्रेरणा स्रोत राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और ग्रामोदय विश्वविद्यालय के परिकल्पक, संस्थापक, प्रथम कुलाधिपति भारतरत्न नानाजी देशमुख की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, विधायक चित्रकूट सुरेन्द्र सिंह गहरवार, दीनदयाल शोध संस्थान के संगठन सचिव अभय महाजन, विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो. भारत मिश्रा उपस्थित रहे।

### दीक्षांत समारोह में 799 उपाधियां प्रदान की गईं



महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षांत समारोह में विष्वविद्यालय के नियमित पाठ्यक्रम में 799 उपाधियां विद्यार्थियों को प्रदान की गई। जिनमें 762 स्नातक और स्नातकोत्तर तथा 37 पीएचडी की उपाधियां शामिल हैं। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने मंच से 35 सर्वश्रेष्ठ उपाधि धारियों को गोल्ड मेडल तथा कृषि संकाय की दिशा साहू को नानाजी देशमुख स्मृति स्वर्ण पदक प्रदान किया। इस अवसर पर विश्वद्यालय के दूरवर्ती अध्ययन एवं सतत शिक्षा केन्द्र 5310 स्नातकोत्तर, 3758 स्नातक तथा मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के 3414 स्नातकों और 12341 स्नातकों को उपाधियां प्रदान की गई।

# अवैध पिस्टल खरीदने-बेचने वाले गिरोह के 7 आरोपी गिरफ्तार

## आरोपियों के कब्जे से 2 ऑटोमेटिक देशी पिस्टल, 4 कारतूस और 2 बाइक बरामद

नवभारत न्यूज

**सतना 11 अक्टूबर. सिविल लाइन थाने की पुलिस द्वारा अवैध पिस्टल खरीदने-बेचने वाले अंतरजिला संगठित गिरोह के 7 सदस्यों को दबोच लिया गया. आरोपियों के कब्जे से 2 आटोमेटिक देशी पिस्टल, 4 जिंदा कारतूस और दो बाइक बरामद की गई है. जिसकी कीमत 2 लाख 40 हजार रु आंकी गई.**

सिविल लाइन थाना प्रभारी योगेंद्र सिंह परिहार से प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर के जरिए इस बात की सूचना मिली कि पतेरी, धनखेर और मंदाकिनी बिहार के लड़के संगठित होकर अवैध रुप से पिस्टल-कट्टा खरीदने बेचने का व्यापार करते हैं. मामले की गंभीरता को देखते हुए गिरोह तक पहुंचने के लिए विशेष टीम गठित की गई. इस मामले में लीड मिलते ही मंदाकिनी बिहार कालोनी निवासी आदर्श पाण्डेय उर्फ बबलू उम्र 19 वर्ष को पुलिस टीम ने दबोच लिया. पूछताछ किए जाने पर आदर्श ने बताया कि पिस्टल खरीदने-बेचने की बात प्रबल सिंह बैस 20 वर्ष निवासी गढ़िया टोला और सोम उर्फ विनीत मिश्रा 18 वर्ष निवासी सितपुरा के माध्यम से प्रमोद सिंह बैस 22 वर्ष निवासी रामपुर चौरासी से की गई है. उसने पिस्टल को टेस्टिंग के लिए ली थी. लेकिन पसंद आ जाने पर उसने स्वयं के इस्तेमाल के लिए रख ली. और फिर उसे अधिक दाम पर दूसरे ग्राहक को बेच दिया. जिसके चलते पुलिस ने एक एक करके प्रबल, प्रमोद और विनीत को दबोच लिया. पकड़े गए युवकों ने बताया कि मन्नू उर्फ मृगेंद्र सिंह 24 वर्ष निवासी धनखेर द्वारा उन्हें देशी पिस्टल देने के लिए कहा गया था. जिसे देखते हुए पुलिस टीम ने पकड़े गए युवकों के जरिए पिस्टल बेचने वाले युवकों को बुलवाने की योजना तैयार की. जैसे ही बिना नंबर की बाइक पर सवार मृगेंद्र और उसका साथी आशुतोष उर्फ निहाल सिंह 23 वर्ष निवासी दक्षिणी पतेरी शहर के पतेरी चौराहे पर पहुंची वैसे ही तैयार पुलिस टीम ने उन दोनों को भी दबोच लिया. उनके कब्जे से एक आटोमेटिक देशी पिस्टल और दो जिंदा कारतूस बरामद किए गए. पूछताछ किए जाने पर मन्नू उर्फ मृगेंद्र ने बताया कि उक्त पिस्टल को उसने बरेठिया अकौना के रहने वाले सज्जू सिंह परिहार से 30 हजार रु में खरीदी है. इसी कड़ी में पूछताछ करने पर प्रमोद से मिली जानकारी के आधार पर पुलिस टीम ने शानू उर्फ संग्राम सिंह 23 वर्ष निवासी रामपुर चौरसी को दबोच लिया. जिसके पास से एक आटोमेटिक देशी पिस्टल और दो कारतूस बरामद कर लिया गया. जबकि इस मामले में फराह आरोपी सज्जू सिंह परिहार की सरगर्मी से तलाश की जा रही है.



### संगठित होकर करते हैं व्यापार



सिविल लाइन थाना प्रभारी के अनुसार आरोपियों के पूर्व रिकार्ड अवैध आर्म्स रखने के भी हैं. आरोपी संगठित होकर अवैध हथियारों को रखने और सप्लाई करने में प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर शामिल हैं. आरोपी न सिर्फ अवैध हथियारों के कारोबार में शामिल होकर लाभ कमाते हैं बल्कि इन हथियारों के जरिए वे लोगों के बीच दहशत फैलाने का काम भी करते हैं. सभी आरोपी लोगों के बीच दहशत फैलाने और रौब जामने के लिए अपने पास अवैध पिस्टल रखते थे. जो कि आगे चलकर किसी बड़ी घटना को अंजाम देने से भी नहीं हिचकते.

## चार पहिया वाहन पलटा, 1 लाख की शराब जब्त

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अक्टूबर। बरगवां थाना क्षेत्र के बेटहाडांड़ में बीते शुक्रवार की देर शाम चार पहिया वाहन पलटने के बाद एक बड़ा खुलासा हुआ है।**

वाहन से 23 पेटी शराब जप्त हुआ है। स्कॉपियों वाहन एवं जप्त शराब की अनुमानित कीमत करीब 10 लाख रुपए बताई गई है। बरगवां थाना प्रभारी निरीक्षक मो. समीर ने जानकारी देते हुये बताया कि बीती रात बेटहाडांड़ में चार पहिया वाहन क्रमांक सीजी 12 आर 0166 अनियंत्रित होकर पलट गया। वाहन दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद उसमें सवार लोग मौके से फरार हो गए।


**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
(भारत सरकार का उद्यम)

Bharat Petroleum | Shaping The Future

**उज्जैन (मध्य प्रदेश) में कैंप कार्यालय की आवश्यकता**

बीपीसीएल को उज्जैन, मध्य प्रदेश में परियोजना कार्यालय के लिए स्थान की आवश्यकता है। संपत्ति इंदौर-उज्जैन एनएच राजमार्ग 27 के दोनों ओर नानाखेड़ा बस स्टैंड, उज्जैन, मध्य प्रदेश के पास 1000 मीटर के दायरे में स्थित होनी चाहिए। प्रस्ताव आमंत्रित किए जाते हैं ताकि परियोजना कार्यालय के लिए उपयुक्त स्थान प्रदान किया जा सके, जिसमें न्यूनतम 2500 वर्ग फुट (232.3 वर्ग मीटर) कारपेट एरिया शामिल हो। यह कोई व्यक्तिगत घर, विला या फ्लैट हो सकता है जिसमें न्यूनतम 3 अलग-अलग कमरे/कैबिन, एक हॉल, और कॉमन एरिया हो जो ऊपर बताए गए क्षेत्रों में आसानी से उपलब्ध हो। भवन में सभी आवश्यक सुविधाएँ जैसे बिजली, पावर बैकअप, पानी, पर्याप्त पार्किंग, शौचालय आदि मौजूद होने चाहिए।

इच्छुक पक्ष अपने प्रस्ताव दो सीलबंद लिफाफों में प्रस्तुत कर सकते हैं।

**लिफाफा 1** – (प्रति माह प्रति वर्ग फुट बिल्ट-अप क्षेत्र के लिए प्रस्तावित किराया दर)

**लिफाफा 2** – संपत्ति का ब्लूप्रिंट, स्वामित्व रिकॉर्ड, हाल ही का बिजली बिल, संपत्ति कर रसीद और पानी बिल। साथ ही, मालिक का आधार कार्ड और पैन कार्ड भी।

संपूर्ण प्रस्ताव और सहायक दस्तावेज 26.10.2025 को 15:00 बजे तक नीचे दिए गए पते पर डाक या व्यक्तिगत रूप से जमा किए जा सकते हैं।

मेसर्स भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, वीबीपीएल, चाप्स एस्टेट,पहली मंजिल, तारा टावर्स के पास, करमसद वी वी नगर रोड, आनंद – 388325, गुजरात

**बोली दस्तावेज़ प्राप्त करने के लिए संपर्क**

**patidarpraveen@bharatpetroleum.in - 9928005434**


# बिना रजिस्टर्ड क्रेन सहित 10 ऑटो वाहन जब्त

## रिलायंस सासन पावर कंपनी की है क्रेन मशीन, आरटीओ ने की कार्रवाई

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 11 अक्टूबर। वाहनों के चल रहे विशेष जांच पड़ताल अभियान के तहत माड़ा में रिलायंस सासन पावर कंपनी का एक क्रेन मशीन समेत 10 ऑटो वाहनों को आरटीओ ने जप्त कर कार्रवाई शुरू कर दिया है।क्रेन मशीन का रजिस्ट्रेशन नही था और ऑटो वाहन बिना परमिट के थे। आरटीओ विक्रम सिंह राठौर ने यह कार्रवाई कलेक्टर गौरव बैनल के निर्देश पर किया है। जप्त सभी वाहनों को माड़ा थाना में सुरक्षार्थ खड़ा कराया है।**

जानकारी देते हुये आरटीओ विक्रम सिंह राठौर ने बताया कि माड़ा थाना क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। इस अभियान में सड़क पर दौड़ रहे बिना परमिट के 10 ऑटो वाहन सहित बिना रजिस्ट्रेशन के चल रहे रिलायंस सासन पावर कंपनी की एक क्रेन मशीन जप्त किया है। जप्त वाहनों को सुरक्षार्थ माड़ा थाने में खड़ा कराया गया है। आरटीओ ने वाहन स्वामियों के साथ-साथ चालको से अपील किया है कि अगर सड़क पर वाहन चला रहे हैं तो सभी दस्तावेज अपने पास रखे और सभी दस्तावेज वैध रहे। ताकि कार्रवाई से बच सके। फिलहाल आरटीओ ने रिलायंस सासन पावर कंपनी के क्रेन मशीन को जप्त कर लापरवाह वाहन मालिको में हड़कंप मचा दिया है। कार्रवाई के दौरान आरटीओ के अलावा लिपिक व्यौमकांत तिवारी सहित अन्य अमला मौजूद रहा।



# संजय गांधी अस्पताल के ओपीडी में हंगामा

▶ सिक्योरिटी गार्ड पर मारपीट और बदसलूकी का आरोप

नवभारत न्यूज

**रीवा, 11 अक्टूबर, संजय गांधी अस्पताल के ओपीडी में पर्ची कटाने के दौरान मरीज के परिजन और अटेंडर के बीच बहस-बाजी के साथ हाथापाई हो गई. दरअसल पर्ची कटाने के दौरान लाइन में लगने को लेकर विवाद की स्थित शुरू हुई और उसके बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया. किसी तरह मामले को शांत कराया गया और अस्पताल प्रबंधन ने जांच की बात कही है.**

संजय गांधी अस्पताल की ओपीडी में शनिवार की सुबह इलाज कराने आए मरीजो और उनके परिजनो से सुरक्षा कर्मियों का विवाद हो गया. सुबह 11 बजे रेरूआ निवासी पुष्पेन्द्र पटेल अपने भाई और भारी को इलाज के लिये लेकर संजय गांधी अस्पताल पहुंचे थे. पर्ची कटाने के लिये लाइन में लगने की प्रक्रिया शुरू की. इसी दौरान सुरक्षाकर्मी वहा पहुंचे और अभद्रता करने लगे.बहसबाजी के बाद मामला हाथापाई तक पहुंच गया. बीच-बचाव करने भाई और भाभी आगे आए तो उनके साथ भी अभद्र व्यवहार किया गया. सुरक्षा कमियों का कहना था कि पर्ची के लिये लाइन में नही लग रहे थे, इसी के चलते विवाद हुआ है. इस मामले में संजय गांधी अस्पताल के अधीक्षक डा0 राहुल मिश्रा ने बताया कि घटना क्यो हुई इसकी पीछे क्या कारण है, पूरे मामले की जांच कराई जायेगी. अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे देखे जाएगे उसके बाद जो तथ्य सामने आएगें उसके आधार पर कार्यवाही की जायेगी.

## तीन दिनों से लापता युवक का खेत में मिला शव

**सीधी, 11 अक्टूबर.** सिटी कोतवाली थाना अंतर्गत ग्राम पिपरोहर, टोला अहिरमरा निवासी लापता युवक का तीसरे दिन शाम को गांव के ही खेत में शव मिला। सूचना मिलने पर लापता युवक मधुसूदन सिंह पिता अनिरुद्ध सिंह उम्र 38 वर्ष के परिजन भी मौके पर पहुंचे और उनके द्वारा शिनाख्त की गई। कोतवाली पुलिस भी मौके पर पहुंची और पंचनामा कार्रवाई के पश्चात शव को जिला अस्पताल की मर्चुरी में पोस्टमार्टम के लिए पहुंचाया। आज सुबह पोस्टमार्टम के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# जीएसटी टीम ने बत्रा ट्रांसपोर्ट में मारा छापा

नवभारत न्यूज

**सीधी, 11 अक्टूबर.शहर में सब्जी मंडी के समीप संचालित बत्रा ट्रांसपोर्ट में आज दोपहर सतना की तीन सदस्यीय जीएसटी टीम द्वारा छापा मारा गया। ट्रांसपोर्ट में मौजूद जीएसटी टीम द्वारा अपनी कार्रवाई में कागजों की जांच-पड़ताल की जा रही है।**

प्रारंभिक तौर पर यह सामने आया है कि कारोबार कच्चे बिल पर चल रहा था। जीएसटी टीम की चल रही कार्रवाई के कारण खबर लिखे जाने तक अन्य गड़बडियों का खुलासा नहीं हो सका है। फिर भी यह माना जा रहा है कि टैक्स चोरी के चलते ही जीएसटी टीम द्वारा छापामार कार्रवाई की गई है। जिस पर लंबा जुर्माना हो सकता है।जीएसटी की तीन सदस्यीय टीम द्वारा दस्तावेजों को काफी बारीकी के साथ खंगाला जा रहा है। जीएसटी टीम की जांच पूरी होने के बाद भी यह स्पष्ट हो पाएगा कि उसमें टैक्स चोरी का अन्य क्या एंगल जांच में सामने आया है। फिर भी चर्चा है कि बत्रा ट्रांसपोर्ट में टैक्स चोरी की आंशका में ही जीएसटी की तीन सदस्यीय टीम सतना से आज पहुंची और ट्रांसपोर्ट में अपनी जांच कार्रवाई शुरू की। जिस समय जीएसटी की टीम द्वारा छापामार कार्रवाई बत्रा ट्रांसपोर्ट में की गई उस दौरान यहां कई ट्रक माल से लोड खड़े थे। ट्रकों से सामानों की अनलोडिंग का काम किया जा रहा था। जीएसटी टीम द्वारा यहां कार्रवाई शुरू करने के साथ ही खड़े ट्रकों से अनलोडिंग का काम भी रुक गया। ट्रांसपोर्ट के बाहर खड़े ट्रकों में लोड सामानों की जांच का काम भी जीएसटी टीम द्वारा किया जाएगा। जिससे यह स्पष्ट हो सके कि ट्रांसपोर्ट में आने वाले सामानों के साथ कौन की वैध रसीदें एवं सामानों से संबंधित रसीदें ट्रांसपोर्ट में पहुंचती हैं। जीएसटी टीम की जांच जिस तत्परता के साथ बत्रा ट्रांसपोर्ट में शुरू हुई उसके बाद से बड़े व्यापारियों में काफी हड़?प की स्थिति देखी जा रही है। उन्हें अंदेशा है कि टीम द्वारा अन्य प्रतिष्ठानों में जांच की जा सकती है।








स्वत्वाधिकारी रामगोपाल इन्वेस्टमेंट प्रा.लि. हेतु लेसी एंगेज मीडिया प्रा. लि. के लिए मुद्रक, प्रकाशक आशीष श्रोती द्वारा मौजा कोलगवां, इंडस्ट्रियल एरिया, सतना से प्रकाशित एवं नवभारत प्रेस भोपाल प्रा.लि. , इंडस्ट्रियल एरिया से मुद्रित . संपादक- संजय पयासी* फोन- 250587, फैक्स- 224642 * समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत जिम्मेदार RNI Reg. No. 72181/99